कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर ।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 11/2024 **दिनांक 26/12/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 25.12.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना जमानिया पुलिस टीम द्वारा लखनऊ के चिनहट में 42 बैंक लॉकर तोड़कर चोरी की घटना में संलिप्त फरार/वांछित 01 नफर अभियुक्त को 01अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार ।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.12.2024 को उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखनऊ द्वारा 25,000 रुपये पुरस्कार घोषित इनामिया अभियुक्त विपिन कुमार वर्मा पुत्र रुपचन्द वर्मा निवासी ग्राम पिपरपुरवा थाना सदरपुर जनपद सीतापुर उ0प्र0 उम्र करीब 23 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर मदनपुरा मोड़ रेस्टोरेंट जमानिया से गिरफ्तार किया गया

विदित है कि दिनांक 24.12.2024 को उक्त घटना से संबंधित अभियुक्त सन्नी दयाल व उसके एक साथी की थाना गहमर क्षेत्रांतर्गत पुलिस मुठभेड़ हुई थी जिसमें अभियुक्त सन्नी दयाल घायल/मृत हो गया था व उसका दूसरा साथी विपिन कुमार वर्मा जो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया था जिसकी सफल गिरफ्तारी थाना जमानिया पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.12.2024 को की गई । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के पास से एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर अवैध व लखनऊ में बैंक से चोरी के 6830 रूपये बरामद किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही हैं ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

1. विपिन कुमार वर्मा पुत्र रुपचन्द वर्मा निवासी ग्राम पिपरपुरवा थाना सदरपुर जनपद सीतापुर उ0प्र0 उम्र करीब 23 वर्ष ।

बरामदगी–

1. अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर अवैध व 6830 रूपये बरामद

आपराधिक इतिहास–

1. मु0अ0सं0 370/2024 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जमानियाँ जनपद गजीपुर
2. मु0अ0सं0 593/2024 धारा 331(4)/305(E) थाना चिनहट जनपद लखनऊ

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर